प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 10.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्रहण किया पदभार, किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की, 9 करोड़ 30 लाख किसानों को पहुंचेगा लाभ।
2- प्रदेश में आज से 15 अक्टूबर तक के लिए नदी घाटों पर बालू खनन पर एनजीटी की लगी रोक।
3- गांडेय की नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन आज विधायक पद का शपथ ग्रहण करेंगी।
4- राज्य के सभी प्रखंडों में आज से 5 सितंबर तक दिव्यांग बच्चों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन।

**********************

श्री नरेंद्र मोदी ने आज तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद भार संभालते ही किसान सम्मोन निधि की 17वीं किस्त जारी की है। ये किस्त नौ करोड़ 30 लाख किसानों को लगभग बीस हजार करोड़ रुपये का लाभ पहुंचाएगी। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का पहला निर्णय, किसानों के कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत उनके तीसरे कार्यकाल में क्षेत्र की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए काम करना जारी रखेगा। श्री मोदी ने क्षेत्र में लोगों के बीच प्रगाढ संबंध और संपर्क बढाने का आह्वान किया। उन्होंने कल रात राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह के बाद भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के नेताओं से भेंट के दौरान यह बात कही। प्रधानमंत्री ने इन नेताओं को धन्यवाद देते हुए पड़ोसी प्रथम नीति और सागर दृष्टिकोण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। श्री मोदी ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में ग्लोबल साउथ की आवाज बुलंद करना जारी रखेगा।

**********************

झारखंड के सभी बालू घाटों से आज से बालू निकासी पर रोक रहेगी। एनजीटी के आदेश से मॉनसून के दौरान 10 जून से 15 अक्तूबर तक बालू घाटों से बालू की निकासी नहीं होगी। किसी भी घाट से बालू की निकासी करते हुए पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। इधर झारखंड स्टेट मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन का दावा है कि इस दौरान बालू की किल्लत नहीं होने दी जाएगी। स्टॉकिस्टों के माध्यम से या जेएसएमडीसी की साइट पर जाकर ऑनलाइन बुकिंग कराने से ही बालू मिल सकेगा।

**********************

गांडेय की नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन आज शपथ ग्रहण करेंगी। उन्हें विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में शाम पांच बजे विधायक पद की शपथ दिलाई जाएगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के साथ कई अन्य मंत्री और विधायक भी मौजूद रहेंगे।

**********************

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन कल प्रोजेक्ट भवन में राज्य की विधि– व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, अवैध खनन और भू राजस्व से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक करेंगे। वहीं 12 जून को विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे।

**********************

राज्य के डीजपी अजय कुमार सिंह आज झारखंड पुलिस मुख्यालय में विधि व्यवस्था समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में आईजी , डीआईजी और सभी जिलों के एसपी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से शामिल होंगे ।

**********************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की जमानत याचिका पर आज झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई होगी। जस्टिस आर मुखोपाध्याय की अदालत में याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन ने राजधानी रांची के बड़गाईं अंचल में 8 एकड़ से अधिक जमीन से जुड़े मनी लाउंडरिंग मामले में जमानत के लिए याचिका दाखिल की है।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

**********************

राज्य के सभी प्रखंडो में 18 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों के लिए आज से 5 सितंबर तक निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के सहयोग से सभी प्रखंडों में यह शिविर लगेगा। स्वास्थ्य जांच के बाद बच्चों को आवश्यकता के अनुसार उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा।

**********************

हजारीबाग के इचाक सीएचसी अंतर्गत चंदवारा गांव में फाइलेरिया रोग जांच को लेकर नाइट ब्लड सर्वे आज आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर कल एमटीएस के नेतृत्व में आम सभा कर लोगो को जानकारी दी गई। जांच रात साढ़े आठ बजे से 1 बजे तक चलेगा।इसके लिए 300 लोगो की जांच का लक्ष्य रखा गया है। जांच के बाद माइक्रो फाइलेरिया जांच में पॉजिटिव लोगों को दवा देकर इससे बचाव किया जाना है. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ओम प्रकाश और एमटीएस संत कुमार ने बताया कि फाइलेरिया का जीवी रात में ही ब्लड स्ट्रॉम में एक्टिव होता है.जिसके कारण इसका ब्लड सैम्पल रात्रि में ही संग्रह किया जाता है।

**********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के एक पुराने डम्प से हथियारों का जखीरा बरामद किया है। टोंटो थाना क्षेत्र के जंगल में छापेमारी में भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि बरामद किए गए हथियारों में एलएमजी, एसएलआर, राइफल, मोटर भी शामिल है।

**********************

गुमला जिले में पुलिस ने दस लाख रुपए के ईनामी नक्सली को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस यह मान रही है कि आने वाले दिनों में गुमला में बचे हुए सभी नक्सली समाप्त हो जाएंगे।

**********************

रांची पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई संगठन के एरिया कमांडर विजय बक्शी सहित पांच उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। सभी पीएलएफआई संगठन से जुड़े है और इन दिनों संगठन को मजबूत करने के इरादे से जमीन कारोबारियों से रंगदारी की मांग कर रहे थे। रांची पुलिस की टीम ने इनलोगों के पास से हथियार भी जब्त किया है। इसकी पुष्टि एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने की है। उन्होंने कहा कि सभी पीएलएफआई नक्सली की गिरफ्तारी नगड़ी इलाके से हुई है फिलहाल सभी से पूछताछ चल रही है।

**********************

बंगाल से सोना लूटकर भाग रहे एक अपराधी को गिरिडीह जिले की पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है वहीं अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए ऑपरेशन जारी है। सरिया बगोदर के एस डी पी ओ धनजय राम ने बताया कि एक बड़े सोना चांदी की दुकान को लूटकर भाग रहे अपराधियों ने एक कार मालिक को गोली मारकर उसकी गाड़ी लूट ली और अपराधी जीटी रोड पर लूटी हुई गाड़ी से भाग रहे थे। इस सूचना पर सरिया थाना क्षेत्र के कोयरीडीह के पास एक अपराधी को चौतरफा घेराबंदी के बाद गिरफतार कर लिया गया। इसके पास से लूट के कुछ जेवर , कारतूस और लूटी हुई कार बरामद किया गया है। पुलिस बाकी फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए आपरेशन चला रही हैं।

**********************

धनबाद में कल देर रात एसडीएम उदय रजक के नेतृत्व में पुलिस ने मंडल कारा में औचक छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने कीपैड मोबाइल, कैंची, समेत कई आपत्तिजनक सामान जब्त किए। छापेमारी में डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर दीपक कुमार, डीएसपी शंकर कामती समेत दर्जनों जवान शामिल थे। इस दौरान महिला वार्ड समेत सभी वार्डों की गहन तलाशी ली गई।

➢ **********************

- जमशेदपुर में बिरसा नगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने घेराबंदी कर कार में सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया। उनके पास से दो पिस्टल और चार गोली बरामद की।
- गोड्डा जिले में दो अलग–अलग हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं ।
- दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर मंडल में विकास कार्य को लेकर कई ट्रेनें 11 और 12 जून को प्रभावित रहेंगी। हटिया से संबलपुर के बीच कई ट्रेनें रद्द रहेंगी।
- देवघर में संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैद्यनाथ संस्कृत पुस्तकालय की ओर से 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन संस्कृत संभाषण का आयोजन किया गया । इसमें संस्कृत में काव्य पाठ, गीत सहित भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें सैकड़ो बच्चों ने भाग लिया

*********समाप्त**************